Title: Need to provide basic amenities to the people living within ten kilometers of Kankarpara Atomic Project in Mandvi Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : मेरे संसदीय क्षेत्र मांडवी में जब कांकरपारा अणु विद्युत परियोजना को आरंभ किया गया था, उस समय यह समझौता किया गया था कि इस परियोजना के दस किलोमीटर के दायरे में आदिवासी लोगों को पेयजल, शिक्षा एवं सड़क निर्माण जैसे विकास कार्य किये जायेंगे एवं यहां के लोगों की जमीन को अधिगृहीत भी किया गया था। यह शत प्रतिशत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि जहां-जहां पर आदिवासी क्षेत्रों में कई परियोजनायें चली हैं और नियमों के अनुसार जो विकास कार्य किया जाना था वे नहीं किये गये हैं। आदिवासी लोग शान्त किस्म की प्रवृत्ति के लोग होते हैं, जिसके कारण सरकार के अधिकारी लोग इन नियमों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं।

मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि कांकरपारा अणु विद्युत परियोजना के अंतर्गत विकास कार्य 10 किलोमीटर के दायरे में किये जायें।